हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 11 अंक : 10 देहरादून, शनिवार, 25 जून, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह से की शिष्टाचार भेंट 5

# अफवाह में न आएं, यात्री पंजीकरण कराएं : सतपाल महाराज





आशीष तिवारी की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विश्व प्रसिद्ध चार धाम यात्रा ने बीते सालों के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। देश भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु केदार ,बद्री और यमुनोत्री , गंगोत्री पहुँच रहे हैं। इस दौरान लोगों को असुविधा न हो और सरकार की व्यवस्थाओं में कोई व्यावधान न पड़े , इसके लिए अब प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बड़ी अपील की है।

धर्मार्थ मंत्री महाराज ने कहा है कि यात्री किसी भी तरह की अफवाह में न आएं क्योंकि राज्य सरकार ने सभी विभागों को व्यवस्था चाक चौबंद करने के सख्त निर्देश दिए हैं और बताया है कि उनके द्वारा स्वास्थ्य , सुरक्षा की पूरी मॉनिटरिंग की जा रही है। लिहाज़ा प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए पंजीकरण अनिवार्य बताया है।

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। उन्होंने यात्रियों से अनुरोध किया कि वह किसी भी प्रकार की अफवाह में ना आएं और पंजीकरण करके ही अपनी यात्रा की शुरुआत करें। उन्होंने चारधाम यात्रा के दौरान बगैर पंजीकरण के यात्रा करने की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि सुरक्षा के मद्देनजर यात्रियों का पंजीकरण बहुत ही जरूरी है। वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री महाराज ने कहा कि पंजीकरण के द्वारा ही सरकार को यात्रियों के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त हो पाती है और किसी भी प्रकार की अवांछित घटना की दशा में पंजीकरण में दी गई जानकारी एवं मोबाइल नंबर के माध्यम से ही संबंधित यात्री और उनके परिवार वालों से संपर्क किया जा सकता है , इसलिए यात्रियों को पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।


# कोरोना वायरस अपडेट : भारत में COVID-19 के 24 घंटे में 17,336 नए मामले, कुल 13 लोगों की मौत

**देश में कुल कोविड संक्रमितों की संख्या बढ़कर अब 4 करोड़, 33 लाख, 62 हजार 294 हो गई है. पिछले 24 घंटों में 30.2 फीसदी उछाल.**

न्यूज़ वायरस नेटवर्क


**नई दिल्ली।** देशभर में पिछले 24 घंटों में कोरोनावायरस के कुल 17,336 नए मामले सामने आए हैं. यह कल के मुकाबले 30.2 फीसदी का उछाल है. कल कुल 13,313 नए मामले सामने आए थे. इसके साथ ही देश में कुल कोविड संक्रमितों की संख्या बढ़कर अब 4 करोड़, 33 लाख, 62 हजार 294 हो गई है. अबतक देश में कोविड से कुल 5 लाख 24 हजार 954 लोगों की मौत हो चुकी है.केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, देशभर में कुल एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 88 हजार के पार हो गई है. फिलहाल देशभर में 88,284 सक्रिय मरीज हैं.





एक्टिव केस कुल संक्रमण का 0.20 फीसदी हो गया है.देश में फिलहाल रिकवरी रेट 98.59 फीसदी दर्ज की गई है. पिछले 24 घंटों में देशभर में कुल 13, 029 मरीज ठीक हुए हैं. अब तक देशभर में कुल 4 करोड़, 27 लाख, 49 हजार, 056 लोग इस महामारी को मात दे चुके हैं.देश में डेली पॉजिटिविटी रेट बढ़कर अब 4.32 फीसदी पर आ गई है, जबकि वीकली पॉजिटिविटी रेट 3.07 फीसदी हो गई है. अब तक देश में कुल 85.98 करोड़ सैंपल की टेस्टिंग हो चुकी है. पिछले 24 घंटों के अंदर 4,01,649 सैंपल की जांच की गई है. मंत्रालय के मुताबिक, राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान के तहत अब तक देशभर में कुल 196.77 करोड़ वैक्सीन की खुराक लोगों को दी जा चुकी है.

## प्रदेश में भी मिले पिछले 24 घंटे में 52 नए संक्रमित, 54 मरीज हुए ठीक



देहरादून। प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 52 नए मरीज सामने आए हैं, जबकि 54 मरीज स्वस्थ हो गए। अब प्रदेश में कोविड के 187 एक्टिव केस हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को सामने आए 52 नए मामलों में सर्वाधिक 30 मामले देहरादून के हैं।

लगातार बढ़ते संक्रमण के मामले चिंता बढ़ा रहे हैं। देहरादून के अलावा हरिद्वार के पांच, नैनीताल के चार, अल्मोड़ा के तीन, चमोली, पौड़ी व ऊधमसिंह नगर के दो-दो, बागेश्वर, पिथौरागढ़, टिहरी व उत्तरकाशी के एक-एक मामले शामिल हैं। 54 मरीजों के गुरुवार को स्वस्थ होने के बाद अब 187 एक्टिव केस हैं, जिनमें सर्वाधिक 124 केस देहरादून के हैं। दूसरी ओर, गुरुवार को प्रदेश में 7716 लोगों को कोरोना वैक्सीन दी गई।

# Weather Alert : चारधाम की यात्रा पर जाने से पहले मौसम का हाल जरूर जान लें, भूम बिछल का खतरा देखते हुए एडवाइजरी जारी

संजय कुमार
न्यूज़ वायरस नेटवर्क





प्री मानसून उत्तराखंड में दस्तक दे चुका है। श्रद्धालुओं के लिए चारधाम यात्रा पर आने वाला समय थोड़ा चुनौती भरा हो सकता है। जिसमें यात्रियों से मौसम के हिसाब से यात्रा करने को कहा जा रहा है।

पर्यटन विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। इसमें अपील की गई है कि यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्री मौसम का हाल जानकर ही अपनी यात्रा को आगे बढ़ाएं। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि इस यात्रा सीजन में अब तक यमुनोत्री धाम में तीन लाख से ज्यादा, गंगोत्री धाम में चार लाख से ज्यादा, केदारनाथ धाम में सात लाख से ज्यादा और बदरीनाथ धाम में आठ लाख से ज्यादा यात्री दर्शन के लिए आ चुके हैं।उन्होंने बताया कि 95 हजार हेमकुंड साहिब के यात्रियों को भी जोड़ दिया जाए तो अब तक 23 लाख 80 हजार 448 यात्री उत्तराखंड में यात्रा सीजन के दौरान पहुंच चुके हैं। उन्होंने यात्रा के मद्देनजर पर्यटन विकास परिषद परिसर में बने चारधाम यात्रा कंट्रोल रूम का भी जायजा लिया।उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की भीड़ अभी भी है पर यात्रियों की संख्या में कमी जरूर आई है, चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आने वाला समय थोड़ा चुनौती भरा हो सकता है। इसमें यात्रियों से मौसम के हिसाब से यात्रा करने को कहा जा रहा है। यात्रियों से यह भी अनुरोध किया जा रहा है कि वह अपने साथ गर्म कपड़े लेकर चलें।

# इंडियन हुमिनिटी फाउंडेशन आजादी का अमृत महोत्सव में आये कलाकारों का मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने बढ़ाया हौसला

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

इंडियन हुमिनिटी फाउंडेशन और पंथी जन कल्याण समिति की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव के तहत कलाकारों को प्रोत्साहित करने हेतु तीन दिवसीय कार्यक्रम रस महोत्सव आयोजित हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनट मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने शिरकत की और कलाकारों का हौसला बढ़ाया।

शुक्रवार को भरत मंदिर इंटर कॉलेज के परशुराम सभागार में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम रस महोत्सव का शुभारंभ मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि पहाड़ों व मैदानी क्षेत्रों में हमारी बहुत सी प्रतिभाएं हैं। उत्तराखंड से बहुत से युवा रंगमंच पर अपनी छाप रहे है, यही नहीं छोटे और बड़े पर्दे पर हमारे युवा सराहनीय अभिनय करते हुए प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल से पिछले दो वर्षों से हमारे कलाकारों को कोई काम नहीं मिल पाया। उनके लिए ऋषिकेश में अंतरराष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान कर इंडियन ह्यूमैनिटी फाउंडेशन और पंथी जन कल्याण समिति ने अच्छी पहल की है। इस तरह के आयोजन समय दर समय आयोजित किये जाने चाहिए। इससे कलाकारों के अभिनय में भी निखार आता है। साथ ही उनका मनोबल भी बढ़ता है। इसके अलावा उन्हें प्रतिभा के बल पर कार्य भी मिलता है।

इस मौके पर उड़ीसा, गुजरात, अलीगढ़, बनारस, अहमदाबाद, झारखंड सहित देशभर के विभिन्न प्रान्तों से कलाकारों ने प्रतिभाग किया। बात दें कि तीन दिवसीय चलने वाले कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कोरोना काल से हतोत्साहित हो चुके कलाकारों को मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को पुनः जगाना है। इस मौके पर विभिन्न प्रान्तों से पहुंचे कलाकारों ने अपनी संस्कृतिक प्रस्तुति दी।



# मसूरी क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सिंचाई मंत्री से मिले कृषि मंत्री



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, अपनी विधानसभा क्षेत्र मसूरी की विभिन्न समस्याओं को लेकर कृषि मंत्री गणेश जोशी, सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज से उनके सचिवालय स्थित कार्यालय में मुलाकात करने पहुंचे।कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि दिलाराम बाजार स्थित सिंचाई विभाग की भूमि को फ्रीहोल्ड करने के संबंध में वार्ता के लिए सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज से मुलाकात का संयोग बना। इस प्रकरण पर उन्होंने बहुत ही सकारात्मक रुख जाहिर किया। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री घोषणाओं के संबंध में भी चर्चा की गई।इस दौरान सचिव सिंचाई हरीश चन्द्र सेमवाल, प्रमुख अभियंता मुकेश मोहन एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# यह सम्मेलन देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए है एक बेहतर मंच : रेखा आर्या




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादूनः गुजरात के एकता नगर, केवड़िया गुजरात में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के युवा और खेल मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरुआत हो गई है। उद्घाटन सत्र में उत्तराखंड प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व खेल और युवा मामलों की मंत्री रेखा आर्या कर रही है।उनके साथ वरिष्ठ आईपीएस अभिनव कुमार, विशेष प्रधान सचिव खेल और युवा मामले मौजूद है ,साथ ही उत्तराखंड से अजय अग्रवाल संयुक्त निदेशक युवा कल्याण और मनोज शर्मा उप निदेशक खेल भी मौजूद है। यह आयोजन दो दिनों तक चलेगा।

अपने सम्बोधन में खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, यह भारत में खेलों के लिए एक रोमांचक समय है क्योंकि हम हाल ही में संपन्न हुए डेफ़ ओलंपिक, थॉमस कप और उबेर कप, 2022 में अपने चैंपियन एथलीटों की सफलता का जश्न मना रहे हैं। हमारी महिला मुक्केबाजों ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भी हमें गौरवान्वित किया है। यह एक ऐसा समय है जब हमारे नवोदित एथलीटों को वैश्विक खेल परिदृश्य में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए अपनी क्षमता और प्रोत्साहन को बढ़ावा देने के लिए पारिस्थितिकी तंत्र की आवश्यकता है। भारत को एक खेल महाशक्ति बनाने में राज्यों और केंद्र सरकार के बीच तालमेल की महत्वपूर्ण भूमिका है। गुजरात मे चल रहा यह सम्मेलन निश्चित रूप से उत्तराखंड में खेल को बढ़ावा देने की दिशा में एक सार्थक कदम होगा।

उत्तराखंड में खेल के ट्रेनिंग सेंटर के रूप में हमारे पास दो स्पोर्ट्स कॉलेज हैं जिसमे एक गढ़वाल मंडल और दूसरा कुमाऊं मंडल में स्थित है। मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि बालिकाओं को लेकर खेल विभाग संजीदा है,ऐसे में बालिकाओं की खेल प्रतिभा को निखारने के लिए उधमसिंह नगर जनपद में एक गर्ल्स स्पोर्ट्स कॉलेज जल्द ही प्रारंभ किया जाने वाला है ।इसके अतिरिक्त हमारे पास हर जनपद में स्पोर्ट्स हॉस्टल हैं जो कि लगातार काम कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त टैलेंट आइडेंटिफिकेशन को निखारने के लिए हम हर वर्ष खेल महाकुंभ का आयोजन करते हैं,जिसमे करीब ढाई लाख बच्चे प्रतिभागी रहते हैं । खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि हम इस खेल को न्याय पंचायत लेवल तक लेकर आते हैं और इसे स्टेट लेवल तक पहुंचाने का काम करते हैं।

हाल ही में हम लोग खेल पॉलिसी लेकर आए हैं और इस खेल पॉलिसी में 8 से 14 वर्ष तक की आयु के 300 खिलाड़ियों को प्रति जनपद लगभग 3 हजार 900 और पीआरडी को 1500 रुपये प्रतिमाह छात्रवर्ती देने का निर्णय माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी ने किया है,जिसकी व्यवस्था खेल पॉलिसी में भी है। ठीक इसी प्रकार से 14 से 23 वर्ष के खिलाड़ियों के लिए 200 खिलाड़ी प्रति जनपद के हिसाब से 2600 खिलाड़ियों को हम लोग 2 हजार रुपये हर माह देने की व्यवस्था की गई है ।बता दे कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के युवा मामलों और खेल के प्रभारी मंत्रियों का यह सम्मेलन 24 और 25 जून, 2022 को केवडिया, गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के निकट आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मेलन देश में खेलों को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचारों पर चर्चा करने और सुझाव लेने और उत्कृष्टता के स्वर्ण मानक को प्राप्त करने के लिए आगे की राह पर विचार करने के लिए एक मंच है।




# राजकीय महाविद्यालयों में रखे जायेंगे योग प्रशिक्षक : डॉ0 धन सिंह रावत

## राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की संशोधित डीपीआर तैयार करने के निर्देश

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

सूबे के राजकीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को किताबी ज्ञान के साथ-साथ स्वस्थ रहने के लिए योग का भी अभ्यास कराया जायेगा, जिसके लिये प्रत्येक विश्वविद्यालय परिसर एवं महाविद्यालयों में योग प्रशिक्षक तैनात किये जायेंगे। देहरादून में प्रस्तावित राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु संशोधित डीपीआर तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये गये। विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नैक एक्रिडिएशन की निगरानी एवं सुझाव हेतु एक उच्च स्तरीय समिति गठित की जायेगी। उच्च शिक्षा विभाग में इसी शैक्षणिक सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन के लिये राज्य स्तरीय समिति द्वारा तैयार विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रमों के ढ़ांचे को शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर दी जायेगी।

**राजकीय महाविद्यालयों के नैक एक्रिडिएशन को गठित होगी उच्च स्तरीय समिति**

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने आज शासकीय आवास में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने राजकीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ योग प्रशिक्षण देने के लिये इसी सत्र से नियत वेतनमान पर एक-एक योग प्रशिक्षक तैनात करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। विभागीय मंत्री ने कहा कि योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति का अधिकार गेस्ट फैकल्टी की भांति संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्यों को दिया जायेगा। डॉ0 रावत ने बताया कि देहरादून में स्वीकृत राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के निर्माण का कार्य इसी वर्ष शुरू कर दिया जायेगा, इसके लिये उन्होंने संशोधित डीपीआर तैयार कर शीघ्र शासन को प्रेषित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। सूबे के राजकीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नैक एक्रिडिएशन की तैयारियों की निगरानी एवं सुझाव हेतु विभागीय सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति गठित की जायेगी। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ0 रावत ने कहा कि नैक एक्रिडिएशन मिलने के उपरांत राज्य के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को यूजीसी द्वारा अतिरिक्त अनुदान मिल सकेगा, जिसके लिये सरकार हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने बताया कि राज्य के उच्च शिक्षा विभाग में इसी शैक्षणिक सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन हेतु राज्य स्तरीय समिति द्वारा तैयार विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रमों के ढ़ांचे को शीघ्र अंतिम रूप देकर लागू कर दिया जायेगा, इससे पूर्व निजी विश्वविद्यालयों के संचालकों एवं कुलपतियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया जायेगा ताकि नये पाठ्यक्रम लागू करने में उनके सुझावों को भी शामिल किया जा सके।

**राज्य में एनईपी के तहत नये पाठ्यक्रमों को शीघ्र मिलेगी स्वीकृति**

बैठक में उच्च शिक्षा सचिव शैलेश बगोली, सलाहकार रूसा प्रो0 एम0एस0एम0 रावत, प्रो0 के0डी0 पुरोहित, अपर सचिव एम0एम0 सेमवाल, संयुक्त निदेशक डॉ0 ए0एस0 उनियाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# हाँ में हूँ मूसेवाला हत्याकांड का मास्टरमाइंड


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पंजाब पुलिस के एडीजीपी प्रमोद बान ने बृहस्पतिवार को कहा कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने स्वीकार किया है कि वह पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का मास्टरमाइंड था और पिछले अगस्त से इसकी योजना बना रहा था.चंडीगढ़: पंजाब पुलिस के एडीजीपी प्रमोद बान ने बृहस्पतिवार को कहा कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने स्वीकार किया है कि वह पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का मास्टरमाइंड था और पिछले अगस्त से इसकी योजना बना रहा था. गैंगस्टर रोधी कार्यबल के प्रमुख बान ने कहा कि एक अन्य आरोपी बलदेव उर्फ निक्कू को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया.शुभदीप सिंह सिद्धू, जिन्हें सिद्धू मूसेवाला के नाम से जाना जाता था, की पंजाब के मानसा जिले में 29 मई को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी.

इससे एक दिन पहले पंजाब सरकार ने गायक और 423 लोगों के सुरक्षा कवर में कटौती की थी.बान ने कहा, ''हमने हाल ही में लॉरेंस बिश्नोई को इस मामले में गिरफ्तार किया था और उसका रिमांड 27 जून तक बढ़ा दिया गया था. उसने स्वीकार किया है कि वह (मूसेवाला की हत्या में) मास्टरमाइंड था.''एडीजीपी ने कहा, ''हत्या को अंजाम देने की साजिश पिछले साल







अगस्त से रची जा रही थी. हमारी जानकारी के मुताबिक, तीन बार रेकी की गई थी. जनवरी में भी शूटर का एक अलग समूह मूसेवाला को मारने आया था, लेकिन सफल नहीं हुआ.''उन्होंने यह भी कहा कि मूसेवाला की हत्या में इस्तेमाल किए गए वाहन में फतेहाबाद स्थित एक पेट्रोल पंप की 25 मई की एक रसीद मिली थी, जिसके बाद पंजाब पुलिस ने कड़ियों को जोड़ा.बान ने कहा, ''फतेहाबाद पेट्रोल पंप से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज से हमने आरोपी प्रियव्रत उर्फ फौजी की पहचान की. हमने अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया है और पूरी साजिश का खुलासा हो गया है. '

मानसा की एक अदालत ने गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में पूछताछ के लिए पिछले सप्ताह दिल्ली से पंजाब पुलिस द्वारा लाए गए गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का पुलिस रिमांड बढ़ा दिया था. दिल्ली पुलिस ने मामले में दो शूटर सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया था. अधिकारियों ने सोमवार को कहा था कि उनमें से एक घटना के समय कनाडा में रह रहे गैंगस्टर गोल्डी बरार के संपर्क में था.

# अनाथ बच्चों के आयुष्मान कार्ड बनवाएगी सरकार
## जुलाई में आयोजित होगा राज्य स्तरीय चिंतन शिविर



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

प्रदेश के अनाथालयों में रह रहे बच्चों के आयुष्मान कार्ड बनेंगे। इसके लिए जल्द ही बाल विकास विभाग और खाद्य आपूर्ति के साथ सचिव स्तरीय वार्ता के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ.धन सिंह रावत ने राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण सभागार देहरादून में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ.धन सिंह रावत ने राज्यभर के अनाथालयों में रह रहे हजारों बच्चों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। बैठक में डॉ.रावत ने अधिकारियों को स्वास्थ्य संवाद कार्यक्रम जारी रखने के निर्देश दिए। कहा कि कार्यक्रम के तहत विभागीय अधिकारी जिला चिकित्सालयों से लेकर ब्लॉक स्तर के चिकित्सालयों का निरीक्षण कर मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं का फीडबैक लेंगे, जिसके बाद स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जा सकेगा।

मंत्री ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ आम आदमी तक पहुंचाने और स्वास्थ्य सुविधाओं को अधिक मजबूत करने के मकसद से जुलाई में दो दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें विभागीय अधिकारियों के साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाले अनुभवी लोगों के साथ मंथन किया जाएगा।

बैठक में सचिव स्वास्थ्य राधिका झा, चेयरमैन राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण डीके कोटिया, मिशन निदेशक एनएचएम सोनिका, कुलपति उत्तराखंड मेडिकल यूनिवर्सिटी प्रो. हेमचन्द्र, अपर सचिव चिकित्सा शिक्षा अरुणेंद्र सिंह चौहान, निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मीतू शाह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सरकार भ्रष्टाचार पर अगर नकेल नही कसेगी, तो राज्य का हर नागरिक कर्ज के बोझ तले दब जाएगा : जोत सिंह बिष्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



आप पार्टी के प्रदेश संगठन समन्वयक जोत सिंह बिष्ट ने केन्द्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य सरकार लगातार चुनावी मोड में रहने के कारण देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को रसातल तक पहुंचाने पर आमादा है। केंद्र सरकार ना तो बैंक घोटालों को रोक पा रही है ना ही अर्थव्यवस्था को दुरुस्त कर पा रही है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार बीते कई महीनों से महाराष्ट्र में शिवसेना गठबंधन सरकार को गिराने के षड्यंत्र में व्यस्त रहने और देश के नौजवानों का भविष्य अधर में डालने के लिए लागू की गई ।अग्निपथ योजना को समझाने और धमकाने में व्यस्त रहे और इसका यह परिणाम है कि नीरव मोदी और विजय माल्या से बहुत बड़े बैंक घोटाले को अंजाम देने में अजय चंद्रा और संजय चंद्रा सफल हुए और विदेश भाग गए।

ठीक इसी प्रकार राज्य की सरकार पुष्कर सिंह धामी जी के नेतृत्व में बातें तो बहुत बड़ी-बड़ी कर रही है, लेकिन अपने अफसरों को घोटाले करने से नहीं रोक पा रही है। राज्य सरकार ने बजट सत्र में स्वीकार किया है कि, उनकी सरकार ने पिछले वित्तीय वर्ष के अनुपूरक बजट की रकम से ज्यादा धनराशि विकास कार्यों में खर्च नहीं कर पाई है।

उन्होंने कहा कि सन 2000 में अस्तित्व में आए तीन राज्यों में से उत्तराखंड का हर व्यक्ति सबसे अधिक कर्जदार है । आज राज्य का प्रति व्यक्ति ₹74 हज़ार का कर्जदार है जबकि उत्तराखंड के साथ बने राज्य छत्तीसगढ़ का व्यक्ति 34 हज़ार का और झारखंड का प्रत्येक व्यक्ति 27 हज़ार का कर्जदार है।

उन्होंने आगे कहा कि इससे ही अनुमान लगाया जा सकता है कि,उत्तराखंड की भाजपा सरकार राज्य के बजट का उपयोग जनहित में और विकास कार्यों में करने के बजाय पैसे का दुरुपयोग कर रही है।आम आदमी पार्टी सरकार की जनविरोधी नीतियों के साथ-साथ सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार पर पैनी नजर रखे हुए हैं। सरकार एक अधिकारी को गिरफ्तार करके अपनी पीठ थपथपाने के बजाय राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार पर हकीकत में नकेल कसने के लिए काम करें ,नहीं तो राज्य कर्ज के बोझ में दब जाएगा और राज्य के प्रत्येक व्यक्ति पर कर्ज बढ़ता जाएगा ,जो ना ही राज्य के हित में है और ना ही जनता के हित में है।

# मुख्यमंत्री धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से शिष्टाचार भेंट की

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुख्यमंत्री ने जमरानी बाँध परियोजना पर शीघ्र कार्य प्रारम्भ कराये जाने के लिए प्रस्तावित परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (वृहत सिंचाई) के अन्तर्गत स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया। साथ ही 300 मेगावाट की बावला नन्द प्रयाग जल विद्युत परियोजना के क्रियान्वयन की शीघ्र स्वीकृति प्रदान किये जाने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने किसाऊ परियोजना के एमओयू में कुछ प्रावधानों को शामिल करने का भी आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि उत्तराखण्ड राज्य की महत्वाकांक्षी जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना के तहत जनपद नैनीताल में गौला नदी पर हल्द्वानी शहर से 10 कि०मी० अपस्ट्रीम में नदी तल से 130.60 मी० ऊंचा कंक्रीट ग्रेविटी बाँध निर्मित किया जाना है। बाँध के निर्माण से उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्य के 150027 हेक्टेयर कमेंट में 57065 हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचन क्षमता का सृजन होगा तथा हल्द्वानी शहर एवं उसके सीमावर्ती क्षेत्र की पेयजल आवश्यकता की पूर्ति हेतु 117 मिलियन लीटर प्रतिदिन जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिनांक 10.06.2022 को सचिव जल शक्ति मंत्रालय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जमरानी बात परियोजना का निवेश स्वीकृति हेतु संस्तुति की गयी है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से जमरानी बांध परियोजना पर शीघ्र



कार्य प्रारम्भ कराये जाने के लिए प्रस्तावित परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (वृहत सिंचाई) के अन्तर्गत स्वीकृति प्रदान किये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के उपक्रम यूजेवीएन लि० की 300 मेगावाट की बावला नन्द प्रयाग जल विद्युत परियोजना हेतु भारत सरकार के केन्द्रीय जल आयोग एवं केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के विभिन्न निदेशालयों से स्वीकृति प्राप्त की जा चुकी है। इस परियोजना पर मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है तथा किसी भी अन्य संस्थान यथा राष्ट्रीय गंगा विकास प्राधिकरण (एन०जी०आर०बी०ए०), वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति -2 इत्यादि द्वारा भी परियोजना पर कोई भी विपरीत टिप्पणी नहीं की गयी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्युत मंत्रालय, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के मध्य अक्टूबर 2021 में बैठक हुई थी जिसमें गंगा एवं उसकी सहायक नदियों पर प्रस्तावित 10 जल विद्युत परियोजनाओं (बावला नन्द प्रयाग एवं अन्य 9 परियोजनाएं) जिन पर किसी भी प्रकार की रोक नहीं है उनको परियोजनावार आधार पर स्वीकृति प्राप्त किये जाने के लिए विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा यूजेवीएन लि० को जनवरी, 2022 में जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार से सम्पर्क किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से बावला नन्द प्रयाग जल विद्युत परियोजना के क्रियान्वयन की शीघ्र स्वीकृति का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने किसाऊ परियोजना का जिक्र करते हुए कहा कि उक्त परियोजना के क्रियान्वयन के लिए छः लाभार्थी राज्यों के मध्य समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित होना है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजना के कार्यान्वयन को गति प्रदान करने हेतु अंतर्राज्यीय समझौते में कुछ बिन्दुओं का समावेश करते हुए उक्त समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करवाने का अनुरोध किया।

# मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह से की शिष्टाचार भेंट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से हिमालयी एवं पूर्वोत्तर राज्यों के लिए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के सीएसआईएसएसी में अनुमान्य अनुदान को 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत किये जाने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा सहायतित एवं सहकारिता द्वारा अनुदानित CSISAC के तहत राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना संचालित की जा रही है।

राज्य में सहकारी क्षेत्र में गठित विभिन्न सहकारी संस्थाओं को व्यावसायिक रूप से शुद्ध इकाई बनाने के लिए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम को प्रदेश सरकार द्वारा एक महत्वाकांक्षी योजना प्रस्तुत की गयी है। इसमें संयुक्त सहकारी खेती व अन्य कृषि एवं सहवर्ती व्यवसायों को सामूहिक रूप से उत्पादन वृद्धि तथा उनका मूल्य संवर्द्धन कराते हुए किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने की व्यवस्था की गयी। इसकी सैद्धान्तिक एवं वित्तीय स्वीकृति राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा प्रदान की थी। उक्त स्वीकृत योजना का शुभारम्भ प्रधानमंत्री जी द्वारा किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विषम भौगोलिक परिस्थितियां होने के फलस्वरूप सहकारी समितियों को व्यावसायिक इकाई के रूप में स्थापित किया जाना अत्यंत चुनौतीपूर्ण है तथा इसके लिए अतिरिक्त सहायता की



आवश्यकता होगी। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री से हिमालयी एवं पूर्वोत्तर राज्यों के लिए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के CSISAC में अनुमान्य अनुदान को 20 प्रतिशत के स्थान पर 40 प्रतिशत किये जाने का अनुरोध किया। जिससे कि राज्य की सहकारी संस्थायें ऋण धनराशि वहन करने में समर्थ हो सके।

## एक जुलाई तक रद्द रहेगी टाटानगर एक्सप्रेस ट्रेन, दून एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों का रूट भी बदला



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

लक्सर। लखनऊ मंडल में खेतासराय मेहरवा और महगांवा स्टेशन के बीच बाराबंकी अयोध्या कैंट अकबरपुर जबलपुर रेल खंड में रेलवे ट्रैक का दोहरीकरण किया जा रहा है। इसे देखते हुए अमृतसर से टाटानगर जाने वाली टाटानगर एक्सप्रेस एक जुलाई तक रद्द कर दी गई है।

लखनऊ मंडल में आज 24 जून से रेलवे लाइन के दोहरीकरण का काम शुरू हो जाएगा। इसे लेकर रेलवे की ओर से अमृतसर से टाटानगर जाने वाली टाटानगर एक्सप्रेस को 24, 29 जून और एक जुलाई को रद्द किया गया है। टाटानगर से अमृतसर जाने वाली टाटानगर एक्सप्रेस 23, 27 और 29 जून को रद्द रहेगी।

इसके अलावा आज शुक्रवार 24 जून से तीन जुलाई तक योगनगरी ऋषिकेश से हावड़ा जाने वाली दून एक्सप्रेस के रूट में परिवर्तन किया गया है। कई ट्रेनें रेलवे लाइन के दोहरीकरण के चलते अकबरपुर, फैजाबाद, शाहगंज होकर नहीं जाएंगी। इसके अलावा गुरुवार को कोलकाता से जम्मूतवी जाने वाली सियालदह एक्सप्रेस रद्द रही।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग सुधीर कुमार ने बताया कि लखनऊ मंडल में 24 जून से तीन जुलाई तक रेलवे लाइन दोहरीकरण का कार्य किया जाना है। इस कारण कुछ ट्रेनों को रद्द किया गया है और कुछ के रूट में परिवर्तन किया गया है।

# 2023 में जी-20 की बैठक होगी जम्मू-कश्मीर में, 5 सदस्यीय समिति का गठन हुआ






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

नई दिल्लीः बीस वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक के गवर्नर्स का समूह (जी -20 और बीस का समूह के रूप में भी जाना जाता है), जो कि विश्व की 20 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नर्स का एक संगठन है, जिसमें 19 देश और यूरोपीय संघ शामिल हैं। जिसका प्रतिनिधित्व यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष और यूरोपीय केंद्रीय बैंक द्वारा किया है। 12 वें जी -20 शिखर सम्मेलन का आयोजन 7 और 8 जुलाई 2017 को हैम्बर्ग { जर्मनी } में चांसलर एंजेला मर्केल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के प्रभावशाली समूह जी-20 की बैठक 2023 में जम्मू-कश्मीर में होगी. केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन ने बैठकों के समग्र समन्वय के लिए बृहस्पतिवार को पांच सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया. केंद्र द्वारा अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के तहत तत्कालीन जम्मू-कश्मीर राज्य को प्राप्त विशेष दर्जे की समाप्ति और इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में आयोजित होने वाला यह पहला बड़ा अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलनहोगा.

पिछले साल सितंबर में, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को जी-20 के लिए भारत का शेरपा नियुक्त किया गया था. विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत एक दिसंबर, 2022 से जी-20 की अध्यक्षता करेगा और 2023 में पहली बार जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन का आयोजन करेगा. यहां जारी एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, केंद्र शासित प्रदेश के आवास एवं शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव समिति के अध्यक्ष होंगे, जिसका गठन विदेश मंत्रालय के 4 जून के पत्र के बाद किया गया है.

सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव मनोज कुमार द्विवेदी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में होने वाली जी-20 बैठकों के समग्र समन्वय के लिए एक समिति के गठन को मंजूरी दी जाती है. समिति के सदस्यों में आयुक्त सचिव (परिवहन), प्रशासनिक सचिव (पर्यटन), प्रशासनिक सचिव (आतिथ्य एवं प्रोटोकॉल) और प्रशासनिक सचिव (संस्कृति) शामिल हैं. आदेश में कहा गया है कि इसके अलावा केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में जी-20 बैठकों की व्यवस्था के समन्वय के लिए सरकार के प्रधान सचिव (आवास और शहरी विकास विभाग) को केंद्र शासित प्रदेश स्तर के नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 से जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत के प्रतिनिधित्व का नेतृत्व कर रहे हैं. भारत 1999 में जी-20 की स्थापना के बाद से इसका सदस्य है.

# ये 5 ड्रिंक्स आपकी किडनी को क्लीन करने और उनकी कैपेसिटी बढ़ाने में करेगा मदद

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



किडनी हमारे शरीर में कितना जरुरी काम करती है ये सभी जानते ही होंगे. किडनी का कार्य हमारे शरीर से गंदगी को छानना हैं. और अगर किडनी गंदगी को छानने में असफल होजाए तो शरीर में कई तरह के रोग और विकार पैदा हो सकते हैं जिससे बाद में ये हमारे शरीर के लिए घातक भी साबित हो सकते हैं. हालांकि, किडनी कई स्वास्थ्य समस्याओं से प्रभावित हो सकती हैं. उदाहरण के लिए, टाइप 2 डायबिटीज और खराब हृदय स्वास्थ्य जैसी स्थितियां किडनी पर दबाव डाल सकती हैं, जिससे उनकी कार्य करने की क्षमता में कमी आ सकती है. इसलिए किडनी को हेल्दी रखना बहुत जरूरी है. किडनी की कैपेसिटी बढ़ाने के तरीके कई हैं पर हम आपको कुछ ड्रिंक्स बतायेगे जिससे किडनी को क्लीन कर उनकी क्षमता बढ़ाने में बहुत फायदेमंद हो सकती है।

यहां 5 किडनी ड्रिंक हैं जिन्हें आप किडनी को क्लीन करने के लिए अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं.

**1 ) नारियल पानी**

नारियल के कई स्वास्थ्य लाभ हैं.यह विटामिन से भरपूर होता है.दांतों और हड्डियों को मजबूत रखने में काफी असरदार होता है. अगर आप किडनी की समस्याओं के जोखिम को कम करना चाहते हैं तो नारियल पानी भी आपकी डाइट में शामिल कर लीजिए.

**2 ) चुकंदर का रस**

चुकंदर अपने गहरे लाल रंग और बहुत स्वास्थ्य लाभों के लिए जाना जाता है. हालांकि, चुकंदर का रस शरीर, खासकर किडनी को भी साफ करने में मदद करता है. चुकंदर विभिन्न एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है यह भी माना जाता है कि चुकंदर कैंसर को जन्म देने वाली कोशिकाओं को भी खत्म कर देता है।

**3 ) नींबू का रस**

नींबू का रस विटामिन सी की उच्च सामग्री के लिए जाना जाता है. नींबू में विटामिन सी किडनी सफाई करने में मदद करता है और उन्हें बेहतर तरीके से काम करने में मदद करता है. नींबू का रस वजन कम करने के लिए भी अच्छा विकल्प है

**4 ) एप्पल साइडर विनेगर**

एप्पल साइडर विनेगर शरीर की सफाई करने और फ्री रेडिकल गतिविधि को कम करके किडनी के कार्य को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है.यह मुंहासों की समस्या को कम करने और वजन घटाने में मदद करने के लिए भी जाना जाता है.

**5 ) अदरक का रस**

अदरक के ज्यूस शरीर में ताजे रक्त के प्रवाह को बढ़ाते हैं, क्योंकि इनमें खून को साफ करने का खास गुण होता है। अदरक में कैंसर जैसी भयानक बीमारी से शरीर को बचाए रखने का भी गुण होता है। यह कैंसर पैदा करने वाले सेल्स को खत्म करता देता है

## संपादकीय

# अतीत का अनुभव

हम भीतर से कितने धनवान हैं, यही बात हमें वास्तविक रूप में संपदा संपन्न बताती है. इस संपदा का एक बड़ा भाग है हमारा निजी अनुभव. अगर हमने इस दुनिया में जन्म लिया है, तो केवल सीखने और अनुभव करने के लिए. अगर आप मुझसे कहते हैं कि स्वामी जी, मुझे प्रेम हो गया है, ऐसे में मैं क्या करूं ? इस पर मैं आपसे कहूंगा कि आप प्रेम में कमजोर न होकर उसे अपनी शक्ति बनाने का प्रयास करें. प्रेम एक अनुभव है और आपको इसका अनुभव करना चाहिए. इसमें कुछ भी मुश्किल नहीं है. आइए, आपको एक कहानी सुनाते हैं. एक बार की बात है. कैब चलाते समय जब पीछे बैठे व्यक्ति ने ड्राइवर को पीठ पर थपथपाया, तब कैब ड्राइवर को बहुत गुस्सा आया. उसने क्रोध में आकर पीछे बैठे यात्री से बोला, 'जब मैं कैब चला रहा होता हूं, तो मुझे हाथ लगाने की जरूरत नहीं है.' यात्री ने अपना हाथ पीछे किया और कैब चालक से बोला, 'मैं सिर्फ तुम्हारा ध्यान आकर्षित करने के लिए ऐसा कर रहा था.' ड्राइवर ने अपने क्रोध के लिए क्षमा मांगते हुए बोला, 'मुझे माफ कीजिए, आज कैब चलाने का मेरा पहला दिन है. बीस वर्ष से मैं वैन चला रहा था और उसमें शवों को उठाकर लेकर जाता था. इसलिए जब आपने मेरी पीठ थपथपायी, तो मैं झुंझला उठा.' अब आप ही बताइए, क्या ड्राइवर ने उस पीछे बैठे व्यक्ति की थपकी को महसूस किया ? क्या उसने उसका अनुभव किया ? नहीं. क्योंकि उसके अतीत के अनुभव से उसका वर्तमान दूषित था. महात्मा बुद्ध कहते हैं कि हम वर्तमान के अनुभव को इतनी आसानी से अनुभव नहीं कर सकते, जब तक कि हमारा अतीत दूषित है. ऐसा बिल्कुल नहीं है कि हम उस समय नाश्ते की टेबल पर बैठकर अपने भोजन का आनंद ले रहे होते हैं, जिस समय हमारे दिमाग में ऑफिस की डांट का अनुभव चल रहा होता है. ऐसा इसलिए होता है क्योंकि अतीत का यह विचार हमारे वर्तमान के सुखद अनुभव को दूषित कर चुका होता है. जबकि सच तो यह है कि मनुष्य को अपने अतीत के अनुभवों में जीने की बजाय वर्तमान के क्षणों को सुखद अनुभवों में परिवर्तित करना चाहिए. - स्वामी सुखबोधनंद

# गाइड ने राफ्टिंग पैडल से बुरी तरह पीटा, पर्यटक का सिर फटा, तीन नामजद सहित 15 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

खारास्रोत में मामूली कहासुनी पर एक राफ्टिंग गाइड ने अपने 14 साथियों के साथ मुंबई के एक पर्यटक के साथ मारपीट की। गाइड ने पर्यटक के सिर पर राफ्टिंग पैडल दे मारा, जिससे उसका सिर फट गया। मामले में पुलिस ने तीन नामजद समेत 15 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।





मुंबई के अंधेरी इलाके के रहने वाले केतन रावल दोस्तों के साथ केदारनाथ धाम दर्शन के लिए आए थे। धाम से लौटने के बाद केतन दोस्तों के मुनि की रेती स्थित आस्था के पास घूम रहे थे। इस दौरान कुछ राफ्टिंग गाइड राफ्ट को उठाकर पार्किंग की ओर ले जा रहे थे। गाइडों ने राफ्ट से केतन को टक्कर मार दी। केतन ने राफ्टिंग गाइडों को ठीक से चलने के लिए कहा।

इसके बाद केतन खारास्रोत स्थित हिमालयन डिस्कवरी राफ्टिंग कार्यालय के पास पहुंचे। वहां राफ्ट से टक्कर मारने वाले गाइड अरुण और 15 अन्य लोगों ने उसको घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। इस बीच अरुण ने राफ्टिंग पैडल उठाकर केतन के सिर पर मार दिया। पीड़ित ने पुलिस को बताया के राफ्टिंग गाइड उसको जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। मुनि की रेती थाना प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अरुण, मोनू और अभिषेक और 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# पर्यटकों की उमड़ेगी रिकॉर्ड भीड़, राफ्टिंग के शौकीनों के लिए केवल एक हफ्ता, होटल और कैंप हुए फुल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

25 और 26 जून को इस महीने के आखिरी वीकेंड पर तीर्थनगरी में पर्यटकों की रिकॉर्ड भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। 30 जून के बाद गंगा में रीवर राफ्टिंग का संचालन भी बंद हो जाएगा। गंगा का जल स्तर बढ़ने से 30 जून के बाद गंगा में राफ्टिंग का संचालन बंद हो जाता है।



ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने के बाद एक जुलाई से विद्यालय भी खुलने जा रहे हैं। ऐसे में साहसिक खेलों के शौकीनों के लिए मात्र एक सप्ताह का समय रह गया है। इस वीकेंड पर तपोवन, मुनि की रेती, लक्ष्मणझूला और स्वर्गाश्रम क्षेत्र के होटल पर्यटकों से फुल रहेंगे। हेंवलघाटी क्षेत्र में संचालित कैंपों पर पर्यटकों की भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। इसके लिए कैंप और होटल व्यवसायियों ने अभी से तैयारियां शुरू का दी हैं। सैलानियों की भीड़ से तीर्थनगरी की यातायात व्यवस्था बेलगाम होगी। कैंप संचालक अरविंद नेगी, जितेंद्र रावत, भारत सिंह, होटल संचालक अनुसूया प्रसाद पांडेय, रमेश भंडारी ने बताया कि इस वीकेंड पर होटल और कैंपों में पर्यटकों की ऑनलाइन बुकिंग अभी से फुल हो गई है। इसका एक कारण 30 जून के बाद राफ्टिंग का संचालन भी बंद होना है।

# मुलायम सिंह की तबीयत फिर बिगड़ी, गुरुग्राम के मेदांता में भर्ती




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

समाजवादी पार्टी संरक्षक व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की तबीयत फिर से बिगड़ गई है। मुलायम सिंह यादव को इलाज के लिए बुधवार को मेदांता अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर नितिन सूद की देखरेख में उनका इलाज चला। सूत्रों के मुताबिक मुलायम को बुधवार दोपहर में मेदांता लाया गया था।

अस्पताल में ब्लड प्रेशर, शुगर, सीबीसी समेत उनकी कुछ नियमित जांच कराई गई।

लगभग 24 घंटे तक डॉक्टरों की निगरानी में रहने के बाद मुलायम को बृहस्पतिवार दोपहर में छुट्टी दे दी गई। स्थिति सामान्य होने के बाद सपा संरक्षक बृहस्पतिवार दोपहर करीब दो बजे अस्पताल से रवाना हुए। बताया जा रहा है कि मुलायम को प्रोस्टेट से संबंधित समस्या है, जिसके लिए उनको नियमित रूप से मेदांता आना होता है। इससे पहले 15 जून को भी रूटीन जांच के लिए मुलायम सिंह यादव को मेदांता लाया गया था।

# चंपावत और एबट माउंट में बनेगा हेली-पोर्ट, पंचेश्वर में होगा एंगलिंग समिटः सचिव पर्यटन








न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून/चंपावत। कुँमाऊँ भ्रमण के दौरान सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर ने चंपावत चाय बागान, एबट माउंट हैरिटेज साइट, पंचेश्वर एंगलिंग साइट और अद्वैत आश्रम मायावती का भ्रमण निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति का जायजा लेने के साथ ही स्थानीय हितधारकों से भी बातचीत की और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चंपावत व एबट माउन्ट में हैलीपोर्ट के निर्माण हेतु डी0पी0आर0 तैयार करने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए गए है।

एबट माउन्ट के निरीक्षण के दौरान उन्होंने यहां पर स्थित चर्च का भ्रमण किया और इसके पुनरूद्धार के संबंध में जनपदीय कार्यालय के स्तर से प्रस्तावित प्रोजक्ट पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की। इसके पश्चात उनके द्वारा एबट माउन्ट स्थित पर्यटन विभाग की भूमि का निरीक्षण किया गया। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि एक सप्ताह के भीतर समस्त भू-अभिलेखों का डिजीटलीकरण कर लिया जाये। उन्होंने भूमि के चारों ओर चाहरदीवारी के निर्माण हेतु निर्देश दिये ताकि किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे की संभावना को निरस्त किया जा सके। उन्होंने इस स्थान को 'बर्ड वॉचिंग ट्रेल' के रूप में विकसित करने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।इसके बाद उन्होंने पंचेश्वर स्थित प्रस्तावित एंगलिंग साइट का निरीक्षण किया। जहां पर स्थानीय समुदाय के लोगों ने भी अपने सुझावों के साथ सचिव पर्यटन से चर्चा की। सचिव पर्यटन ने कहा कि पंचेश्वर एंगलिंग के लिए एक आदर्श स्थान और यही कारण है कि विश्व भर के एंगलिंग प्रेमी यहां आना चाहते है। उन्होंने जिला पर्यटन विकास अधिकारी को एंगलिंग बीट हेतु आवश्यक सुविधायें विकसित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही यहां पर पर्यटन विभाग द्वारा ।दहसपदह नउउपज का आयोजन कराया जायेगा। इससे पूर्व उनके द्वारा 13 डिसट्रिक 13 डेस्टिनेशन योजना के अन्तर्गत चाय बागान का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि चाय स्वरोजगार की एक नई पहल है। पर्यटन विभाग द्वारा चंपावत चाय फैक्ट्री से चाय क्रय करते हुए सोविनियर के रूप में गणमान्य लोगों को भेंट की जायेगाी ताकि इसे ब्रांड के रूप में विकसित किया जा सके।

उन्होंने चाय बगान के समीपस्थ भूमि को ईको पार्क के रूप में विकसित करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्थानीय हितधारकों को आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत हिंगला देवी से चंपावत चाय बगान के मध्य रोपवे निर्माण हेतु शीघ्र कार्यवाही आरम्भ की जायेगी।भ्रमण के दौरान सचिव पर्यटन द्वारा लोहाघाट स्थित ग्रोथ सेन्टर का भी निरीक्षण किया गया। ज्ञातव्य है कि उद्योग विभाग के माध्यम से संचालित इस ग्रोथ सेन्टर में लोहे के बर्तन एवं उपकरण आदि का निर्माण किया जाता है। इसके पश्चात उन्होंने देवीधूरा स्थित वाराही मंदिर में स्वदेश योजना के अन्तर्गत हैरीटेज सर्किट के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान भिन्न-भिन्न अवसरों पर जिलाधिकारी नरेन्द्र भण्डारी, एस0डी0एम0 सदर, अनिल चन्याल, जिला पर्यटन विकास अधिकारी अरविन्द गौड़, एस0डी0एम0 लोहाघाट रिंकू बिष्ट, कुँमाऊँ मण्डल विकास निगम के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# लिसिचांस्क शहर पर रूस का कब्जा 2000 यूक्रेनी सैनिकों को भी घेरा

कीव/मॉस्को, एजेंसी। रूसी फौजों ने पूर्वी लुहांस्क क्षेत्र के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शहर लिसिचांस्क पर शुक्रवार को कब्जा कर लिया। यूक्रेन ने यह जानकारी दी है। उधर, मॉस्को ने भी यही दावा किया है, लेकिन कहा कि क्षेत्र में उसने 80 विदेशी लड़ाकों समेत करीब 2000 यूक्रेनी सैनिकों को घेर लिया है।

यूक्रेन के कब्जे वाले आखिरी इलाके लुहांस्क को रूस ने लिसिचांस्क पर कब्जे के बाद तीन तरफ से घेर लिया है। क्षेत्रीय प्रशासन के प्रवक्ता ने इस खबर पर टिप्पणी से इनकार कर दिया। हिरस्के और अन्य इलाके पहले ही आक्रमणकारी फौजों के कब्जे में आ चुके हैं। क्षेत्रीय प्रशासन के प्रवक्ता ने बताया कि पूरा हिरस्के क्षेत्र रूस के कब्जे में है।

हफ्तों की भीषण लड़ाई के बाद, यूक्रेनी सेना देश के पूर्व में रूसी सैनिकों से घिरे एक



शहर से पीछे हट जाएगी। एक क्षेत्रीय गवर्नर ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। लुहांस्क क्षेत्र के प्रशासनिक केंद्र सेवेरोदोनेस्क शहर को लगातार रूसी बमबारी का सामना करना पड़ रहा है। यहां यूक्रेनी सैनिकों ने एक रासायनिक संयंत्र में डेरा लाला हुआ है। गवर्नर सेरही हैदई ने कहा, यहां रूसी सेना ने अपनी पकड़ मजबूत बना ली है और हमें अपने लोगों को लौटाना होगा।

यहां खराब किलेबंदी वाले क्षेत्रों में हताहतों की संख्या हर दिन बढ़ेगी। इसलिए यूक्रेनी बलों को पीछे हटकर नई जगहों पर एकत्र होने और वहां से लड़ाई जारी रखने का आदेश मिला है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को घोषणा की है कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने मौजूदा रूसी हमले के मद्देनजर यूक्रेन की हथियार जरूरतें पूरी करने के लिए 45 करोड़ डॉलर तक की निकासी को अधिकृत किया है। पेंटागन के कार्यवाहक प्रेस सचिव टॉड ब्रेसेले ने कहा, अमेरिका ने यूक्रेन को सुरक्षा सहायता में लगभग 6.8 अरब डॉलर की प्रतिबद्धता जताई है। रूस-यूक्रेन युद्ध के 121वें दिन चार माह बीत जाने के बाद यूक्रेन ने यूरोपीय संघ (ईयू) की सदस्यता हासिल करने का एक पड़ाव पार कर लिया है। ईयू ने यूक्रेन को उम्मीदवार का दर्ज दे दिया है, जिसके बाद वह यूरोपीय सदस्यता हासिल करने का प्रत्याशी बन गया है। यूरोपीय आयोग अध्यक्ष उर्सुला डेर लेयेन ने इसे ऐतिहासिक बताया जबकि यह रूस से तनाव बढ़ाएगा।

यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने पुष्टि की कि ईयू नेताओं ने यूक्रेन को उम्मीदवार का दर्ज देने का फैसला किया है। यह ईयू सदस्यता हासिल करने का पहला कदम है। 24 फरवरी को रूस से छिड़ी जंग के बाद ही यूक्रेन ने ईयू सदस्यता के लिए आवेदन किया था।

दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा